तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025



14 कौशल विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित ...





13 पोला पर्व पर विभिन्न खेलों का किया आयोजन






## खबर संक्षेप

### गांजा बरामद, महिला तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कार्रवाई की है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम जोरातराई नहर रोड गौरा चौक के पास एक महिला खुशी बिरयानी दुकान में अवैध रूप से गांजा बेच रही थी। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी उसे पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में महिला ने अपना नाम गौरा चौक ग्राम जोरातराई निवासी ममता महिलांगे बताया है।महिला के पास से पुलिस ने गांजा, एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया। गांजा रखने को लेकर नोटिस दिया गया जिसके द्वारा कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में उतई टीआई महेश ध्रव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**भिलाई।** घरेलू विवाद के चलते पत्नी की हत्या करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि एचएससीएल कालोनी मरोदा निवासी दीक्षा दुबे और पति एकल कुमार उर्फ राजेश दुबे ने शनिवार की रात को गला दबाकर हत्या कर दिया। घरेलू विवाद के चलते दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ उसके बाद आक्रोश में आकर पति एकल ने गला दबा दिया। जिससे पत्नी की मौत हो गई। गौरतलब हो कि घटना की जानकारी लगने पर नेवई पुलिस मौके पर पहुंची और पति एकल को रात को ही हिरासत में लेकर पूछताछ किया। विवाद के कारण हत्या करना आरोपी ने स्वीकार किया।

### बंदर को लेकर आपस में जमकर मारपीट, तीन पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** पड़ोसन को बंदर भगाने को लेकर हुए मारपीट मामले में पुलिस ने तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 23 अगस्त को थान बाई के द्वारा अपने पड़ोसन को बंदर को भगाने की बात कर रही थी। इस दौरान पर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया। थान बाई का पति पंचू पीडिताओ को देख लूंगा कहकर अपने बेटा रायपुर निवासी पप्पु वर्मा को फोन कर ग्राम घोटवानी बुलया था। जिस पर पप्पू दो वाहनों में दोस्तो के लेकर गांव पहुंचा जहां पीडिता के घर में घुसकर गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से महिलाओ को बाल पकडा। उनके कपड़े भी फाड़ दिए और धारदार हथियार से वार भी किया। पंचू वर्मा, थान बाई वर्मा, पप्पू वर्मा समेत साथियो द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर पीड़िताओं पर हमला किया। शिकायत पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी ग्राम घोटवानी निवासी पंचू वर्मा, प्रेमनगर गुड़ियारी रायपुर संगम मेश्राम, परपोड़ी बेमेतरा राकेश वर्मा,प्रभात चंदेल को गिरफ्तार किया।

### आंदोलन : नियमितीकरण व ग्रेड पे सहित 10 सूत्रीय मांगों पर अड़े कर्मचारी

# धरना स्थल पर खाया करुभात और की नियमितीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण/ संविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार तेज हो रहा है।

■ अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी, स्वास्थ्य सेवाएं ठप

एनएचएम संविदा के हड़ताल स्थल में संविदा ए न ए च ए म महिलाओं ने करु भात खा कर अपना तीजा के शुरुआत किया गया। तीज का त्यौहार छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए बहुत बड़ा लोक आस्था का त्यौहार है जिस में महिलाएं अपने मायके में करु भात खाकर 36 घंटे का उपवास करती है। परंतु शासन की बेरूखी के कारण आज एनएचएम की संविदा महिला कर्मचारियों को बस स्टैंड हड़ताल स्थल पर मजबूरी में करु भात खाकर उपवास करना पड़ रहे है।

महिला कर्मचारियों द्वारा कहा जा रहा है कि करु भात तीज उपवास में उपहार स्वरूप संगठन की मांगो पर विचार कर अतिशीघ्र पूर्ण किए जाने की आस व्यक्त की गई। साथ ही कर्मचारियों द्वारा हड़ताल स्थल पर ही अपनी मांगों के संबंध में रंगोली बनाकर प्रदर्शन किया गया। संघ ने कहा प्रदेशभर के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं, जिनमें बालोद जिले के समस्त दीउ कर्मचारी भी प्रतिदिन धरना स्थल पर उपस्थित रहकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। संघ ने कहा कर्मचारियों के भरोसे शासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जाँच खून, पेशाब, टू-नाट, सीबीनाट, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच, ओपीडी, नवजात शिशु देखभाल, स्कूल आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण और आपातकालीन सेवाएं संचालित होती हैं।





संघ ने कहा हड़ताल के चलते ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रें तक स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। कई अस्पतालों में ताले लटक गए हैं, मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं, वहीं रात्रिकालीन प्रसव सेवाएं पूरी तरह एवं ऑपरेशन ओटी पूरी तरह बंद हो गई हैं। उप स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी स्वास्थ्य इकाइयों में भी ताले जड़े हुए हैं, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बदतर हो गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस पहल नहीं की, तो आने वाले दिनों में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो जाएगी।

एनएचएम कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा के घोषणा पत्र और ष्मोदी की गारंटीष में स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद कि संविदा कर्मचारियों का 100 दिनों में नियमितीकरण किया जाएगा, पिछले 20 महीनों में 160 से अधिक ज्ञापन और निवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते, तब तक यह अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

# फार्म हाउस में दबिश, 8 लाख जब्त, 16 जुआरी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कार के माध्यम से गुण्डरदेही नगर आकर एक फार्म हाउस में अवैध रूप से जुआ खेल रहे जुआरियो पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 16 आरोपियो को पकड़ा है। जिनके कब्जे से 801200 रूपये व तीन कार पुलिस ने जब्त की है तथा धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रति. अ धि. 2022 के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिला कि डंगनिया ग्रीन्स कोया फार्म हाउस नं. 10 ग्राम डंगनिया में कुछ लोगों के द्वारा 52 पत्ती तास से रूपये पैसों का हारजीत की दांव लगाकर जुआ खेल रहे है कि सूचना पर डंगनिया ग्रीन्स कोया फार्म हाउस नं. 10 ग्राम डंगनिया पहुंचे जहां घर के बाहर बने लॉन में कुछ जुआडियान 52 पत्ती तास से रूपये पैसों का हारजीत दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे जिन्हे हमराह स्टॉफ के साथ गवाहों के समक्ष घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर पकडे गये जुआडियान गंज पारा वार्ड नं0 36 जिला दुर्ग निवासी मोहम्मद फहिम पिता मोहम्मद सलिम 38 वर्ष, चगोंरा भांठा रायपुर जिला रायपुर निवासी प्रमोद निवारे पिता रूखम निवारे 37, रायपुरा इंद्रप्रस्थ वार्ड 69 रायपुर जिला रायपुर रोशन कुमार पिता रमेश—पलानी 34 वर्ष, रतन कालोनी दानीटोला धमतरी जिला धमतरी अनिकेत लक्ष्वानी पिता स्व0 बसंत लक्ष्वानी 27 वर्ष, शक्ति बाजार तिवारी बाडा रायपुर जिला रायपुर राजीव तिवारी पिता स्व0 रामनरेश तिवारी 34 वर्ष, कमल विहार रायपुर जिला रायपुर निवासी केवलदास भारती पिता लक्ष्मीनारायण भारती 30 वर्ष, कांदूल वार्ड नं0 13 रायपुर निवासी नागेश्वर साहू पिता जुराखन साहू 29 वर्ष, देवसागर थाना भटगांव जिला सारंगगढ़ निवासी ओमप्रकाश चंद्रा पिता नेगीलाल चंद्रा 32 वर्ष, इंद्रप्रस्थ मस्जि द के पास रायपुर थाना डीडी नगर निवासी जितेन्द्र कुमार पिता रमेश कुमार सिंधी 32 वर्ष, लाखेनगर वार्ड नं0 66 रायपुर जिला रायपुर मनीष पटेल पिता छिरसागर पटेल 30 वर्ष, गंजपारा वार्ड नं0 36 जिला दुर्ग निवासी संजय महेश्वरी पिता स्व0 मोहन लाल उम्र 50 वर्ष, राजीव नगर वार्ड नं0 02 दुर्ग जिला दुर्ग पप्पू साहू पिता कमल साहू 38 वर्ष, रूवाबांधा वार्ड नं0 03 जिला दुर्ग निवासी हेमलाल ढीमर पिता संतानु ढीमर 26 वर्ष, हंचलपुर वार्ड नं0 02 धमतरी निवासी परमानंद कुर्रे पिता जीवन लाल कुर्रे 30 वर्ष, बोरिया खुर्द वार्ड नं0 54 रायपुर निवासी कमलेश साहू पिता स्व0 बाबूलाल साह 34 वर्ष, बोरिया खुर्द वार्ड नं0 54 रायपुर निवासी जीतेन्द्रब सिंह पिता महेन्द्र प्रताप सिंह 32 वर्ष के कब्जे से कुल 801200 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया।

■ तीन कार भी जब्त की गई फार्महाउस में चल रहा था जुआ

जिसके बाद जुआ खेलने के लिये आये हुये कार को आरोपी जितेन्द्र सिंह के कब्जे से मारूति सुजुकी ब्रेजा कार क्र0 सीजी 04 एन एक्स 6004, आरोपी पप्पू साहू के कब्जे से किया सोनेट कार क्र0 सीजी 07 सीक्यु 8747 एवं आरोपी मनीष पटेल के कब्जे से रेनाल्ड क्वीड कार क्र0 सीजी 04 एन जी 6086 को जप्त किया गया है।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण को विशेष प्राथमिकता दें अधिकारी : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करना राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता में शामिल है। मिश्रा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राज्य शासन के मंशानुरूप राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

■ कलेक्टर ने बैठक में किसान पंजीयन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी समस्याएं आम जनता से सीधे जुड़े होने के कारण इसका समय पर निराकरण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में मिश्रा ने किसानों को शासन के सभी योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु किए जा रहे जिले में किसान पंजीयन के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को निर्धारित समयावधि में त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि किसान पंजीयन के माध्यम से भविष्य में केन्द्र व राज्य शासन के द्वारा चलाई जा रही कृषि संबंधी विभिन्न ▶▶| शेष पेज 13 पर

### लोक सेवा गारंटी योजना के कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की

बैठक में मिश्रा ने स्वामीत्व योजना के अंतर्गत आबादी भूमिधारकों को भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय की जानकारी, व्यपर्तित प्रव्याजी, भू-भाटक वसूली की जानकारी, पंचायत वसूली प्रकरणों में वसूली की जानकारी, पंचायत वसूली प्रकरण, अधोसंरचना विकास कर वसूली की जानकारी एवं परवर्तित भूमि से संबंधित भू-भाटक की वसूली, भू-राजस्व वसूली की जानकारी, कैडेस्टल नक्शा का भू-सर्वेक्षण, भू पुनः सर्वेक्षण की जानकारी, लोक सेवा गारंटी योजना के कार्यों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के कोर्ट में लंबित प्रकरणों की निराकरण की स्थिति की बारी-बारी से समीक्षा की।






### झांसा देकर महिला से 12.29 लाख की ठगी

**भिलाई।** वर्क फ्राम का झांसा देकर महिला से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि बोरसी दुर्ग निवासी भोली पिपरिया इंस्टाग्राम मे आनलाईन के माध्यम से वर्क फ्राम होम नौकरी का विज्ञापन देखा। फिर अज्ञात ने महिला को आनलाईन टास्क पुरा करने का झांसा देकर 12.29 लाख रूपये का ठगी किया। पीड़िता को आनलाईन कार्य (वर्क फ्राम होम) का झांसा दिया। लालच में महिला को इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेलीग्राम के द्वारा झांसा दिया। नौकरी का विज्ञापन देखा जिसमें आनलाइन रेस्टोरेंट रेटिंग टास्क कर पैसे कमाने का झांसा दिया। विज्ञापन में क्लिक कर व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज करने को कहा गया। रेस्टोरेंट रेटिंग टास्क बहुत छोटे और सरल टास्क थे। टास्क पूरा करने पर अज्ञात तुरंत ही थोड़ी राशि लौटा दिया। जिससे महिला का विश्वास बढ़ा। पीड़िता को अज्ञात यूजर आईडी दी गई।




## खबर संक्षेप

### परिधि का राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयन

**दुर्ग।** जिले की उभरती शतरंज खिलाड़ी कु. परिधि लिलहारे का अंडर 19 गर्ल्स केटेगरी में राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयनित होने पर जिला शतरंज संघ दुर्ग ने बधाई दी है। परिधि ने कोरबा में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 के अंडर 19 गर्ल्स केटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुई। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के 19 जिलों के 199 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। परिधि कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत है। परिधि के पिता लुकेश लिलहारे, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी , दिनेश जैन, ललित वर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश नलोडे, अजय राय, एसके भगत, संजय खंडेलवाल, त्रिलोक सोनी, जयंता दास, गुलाब चौहान, अनिल शर्मा ने परिधि लिलहारे को बधाई दी है।

### सेन समाज की बैठक 26 को

**भिलाई।** सेलून महासंघ एवं सर्व नाई सेन समाज भिलाई नगर के सभी पदाधिकारियों को एवं सभी गणमान्य सेलून, ब्यूटी पार्लर व्यवसायी एवं सेन समाज के अन्य कार्य करने वालों की बैठक 26 अगस्त मंगलवार को नेहरु नगर चौक स्थित सेन भवन में रखी गई है। जिसमें भिलाई नगर सेलून का ब्लॉक गठन के विषय में विचार विमर्श तथा अन्य विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी सर्व सेन समाज एवं सेलून महासंघ भिलाई नगर अध्यक्ष यादेश्वर सेन ने दी।

**ट्रेनिंग:** भिलाई मेयर पाल व पार्षद ले रहे हैं इंदौर के स्वच्छता मॉडल की जानकारी

# इंदौर में मॉनिटरिंग के लिए आईसीसीसी कंट्रोल रूम, कचरे से बनी खाद का उपयोग

**नगर निगम के पार्षद दो दिवसीय प्रशिक्षण में सफाई व्यवस्था की ले रहे जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य, समस्त पार्षद गण एवं अधिकारी सहित मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के स्वच्छता का द्वितीय दिवस प्रशिक्षण लिया। महापौर सहित सभी पार्षद गण इंदौर शहर के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं होम कम्पोस्टिंग का अवलोकन किए। यहां कचरा कलेक्शन हेतु गाड़ी का समय सारणी एवं रूट निश्चित है और रूट एवं समय अनुसार गाड़ियों का संचालन होता है। सभी गार्बेज वाहन का मॉनिटरिंग आईसीसीसी कंट्रोल रूम से होता है । इंदौर के ज्यादातर घरों में घर से निकले हुए कचरे का उपयोग घर में ही खाद बनाने में किया जाता है।



**गार्बेज कलेक्शन रूम का अवलोकन**

योगेन्द्र दीक्षित द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर गार्बेज कलेक्शन कंट्रोल रूम का अवलोकन कराते हुए जानकारी दिया गया। प्रशिक्षक द्वारा कंट्रोल सेंटर के कार्यकलाप एवं सारी विधियों को विस्तार से बताया गया। 22 जोन के 85 वार्ड में कचरा इकट्ठा करने हेतु संचालित वाहनों का नियंत्रण यहां से होता है । इसके लिए कंट्रोल सेंटर में 22 कंप्यूटर सिस्टम लगाया गया है, जिसके माध्यम से कचरा वाहनों का मॉनिटरिंग किया जाता है ।

### कचरे का होता है छह तरह से सेग्रीगेशन

बेसिक्स के प्रतिनिधि गुलाब नागर द्वारा अवलोकन कराते हुए जानकारी दिया गया । बापट चौराहा में डोर टू डोर कलेक्शन एंड सेग्रीगेशन देखा गया, इंदौर के रहवासियों के द्वारा अपने ही घर के कचरे को 6 प्रकार से अलग अलग करके नगर निगम की आने वाली गाड़ी में कचरा डाला जाता है और जनसहयोग किया जाता है । ड्राईवर हेल्पर और एनजीओ बेसिक्स के टीम द्वारा प्रति दिवस लोगों से कम्युनिकेशन किया जाता है । साथ ही रहवासियों के द्वारा अपने ही गिले कचरे अपने घर में होम कंपोस्ट कर खाद का उपयोग किया जाता है।

### कचरा बाहर फेंका तो दो लाख तक होगा जुर्माना

इंदौर में कोई भी बाहर कचरा नहीं है फेंकते हैं, कचरा यहां वहां फेंकने पर बड़ी जुर्माना लगाई जाती है । जुर्माना ढाई सौ रुपए से लेकर 2 लाख रुपए तक हो सकती है । आम नागरिक नगर निगम के नियमों का सम्मान करते हुए कार्य करते हैं। योगेन्द्र दीक्षित द्वारा आई सी सी सी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ) से किस प्रकार जीपीएस के माध्यम से डिजिटल प्रणाली के द्वारा चलने वाली नगर निगम की कचरा गड़ियों की मॉनिटरिंग की जाती है और उनकी रिपोर्ट बनाई जाती है, का जानकारी दिया गया है। किसी भी घर का डोर टू डोर कचरा लेना छूट गया तो कन्ट्रोल सेंटर द्वारा हाइटेक सिस्टम जीपीएस से मॉनिटरिंग किया जाता है और तत्काल सूचित कर वहां भेजा जाता है।

### बिना अनुमति जन्मदिन व बधाई का होर्डिंग्स, बैनर नहीं

यहां कोई भी जनप्रतिनिधि जन्मदिन या बधाई संदेश के लिए पोस्टर, बैनर या बड़े होर्डिंग का उपयोग नहीं करते हैं। होर्डिंग में व्यय होने वाले राशि का उपयोग पुण्य कार्यों एवं जरूरतमंद गरीबों के सहायता के लिए किया जाता है। जिससे सफाई करने वालों के लिए अतिरिक बोझ नहीं बढ़ता और उनको हटाने के लिए निगम का अतिरिक्त व्यय नहीं होता है। बिना अनुमति के बेतरतीब बड़े-बड़े पोस्टर, बैनर और होर्डिंग लगाने से शहर की खूबसूरती में कमी आती है, जिसको इंदौर निगम ने अपना नियम बनाकर नियंत्रित किया है।

### उद्यान में ही कंपोस्ट पीट का अवलोकन

उद्यान में ऑन साइट कम्पोस्टिंग का अवलोकन किया गया, उद्यान का कचरा जिसे उद्यान में ही कम्पोस्ट खाद बनाया जाता है। कंपोस्ट जिसमें उद्यान से निकलने वाले ग्रीन वेस्ट को गार्डन परिसर मे कंपोस्ट पीट के माध्यम से निपटान किया जाता है स्वच्छता प्रशिक्षण हेतु इंदौर शहर भ्रमण के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गवई, मन्नान गफ्फार खान, वरिष्ठ पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्य, जालंधर सिंह, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य आधिकारीगण एवं पी आई यू उपस्थित रहे ।

# फिट इंडिया पहल पर साइकिलिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल पर फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से फिट इंडिया कार्यक्रम में साइकिलिंग अभियान का विशेष संडे ऑन साइकिल फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग में किया गया। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल मौजूद थे।

- एसएसपी साइकिलिंग करते दिखे, फिटनेस का दिया सीख

आयोजन में एसएसपी अग्रवाल द्वारा साईकिलिंग सवारों को रवाना करने के पूर्व कहा कि यह फिट इंडिया पहल के तहत साईकिलिंग का आयोजन आज के लिए नहीं है। लगातार अपने शरीर को फिट रखने के लिए है हमें लगातार फिट रहना तो प्रत्येक दिवस फिटनेस के प्रति ध्यान देना होगा। रिटायरमेंट के बाद भी अच्छी जिंदगी का निर्वहन कर सके इसके लिए साइकिलिंग जरुरी है।

अभियान में प्रतिदिन अपने जीवन साइकिल का उपयोग कर अपने शरीर को स्वस्थ रखें। सहायक उप निरीक्षक अनिल शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक खोमन प्रसाद पाण्डेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साईकिल रैली पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग से गांधी चौक से पटेल चौक से गंजपारा चौक वापस-गंजपारा चौक से पटेल चौक से गांधी चौक से पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम दुर्ग तक किया गया। आयोजन में डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी, निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, लायक राम डहरिया, योगेश कुमार चन्द्रा, वासुदेव बढ़ई कंपनी कमांडर सातवीं वाहिनी छसबल भिलाई समेत पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### महापौर ने महिलाओं संग मनाया करू भात भोज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम की महापौर अलका बाघमार ने रविवार की शाम अपने सरकारी आवास एफ-4 पर विशेष करू भात भोज का आयोजन किया। सभी तीजहारिन को आमंत्रित कर तीजा पर्व से जुड़ी पारंपरिक रस्म निभाई गई।

# विधायक ने भिजवाया तिजहारिनों के लिए घर-घर करेला, दो हजार किलो खेप रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



पिछले 25 वर्षों से तीजा पर्व के लिए करेला का निःशुल्क वितरण कर रहे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन इस वर्ष लगभग 2 टन करेला मंगवा चुके हैं। वैशाली नगर विधानसभा में वार्ड वार्ड होते हुए घर घर यह करेला तीजहारिन महिलाओं के लिए पहुंच रहा है।

- 2 टन करेला मंगवा चुके, एक-एक किलो का बनाया पैकेट

बता दें कि तीजा के पर्व पर करेले को विशेष महत्व दिया जाता है, खास तौर पर छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जहाँ करू भात की परंपरा है। उपवास से पूर्व करेला के प्रयोग के दो मुख्य कारण हैं - पहला, करेला खाने से निर्जला व्रत के दौरान प्यास नहीं लगती है क्योंकि यह शरीर में तरल पदार्थ का उत्सर्जन करता है और दूसरा, करेले की कड़वाहट को मन की शुद्धता और शांत करने के लिए एक प्रतीक माना जाता है।

करेले की कड़वाहट को मानसिक शुद्धता से जोड़ा जाता है। पर्व पर महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए तीज व्रत करती हैं। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि 25 साल से लगातार पार्षद से लेकर आज तक तीजा के पहले करेला का वितरण करते हैं। तीजा के दौरान अचानक करेला महंगा होने से तिजहारिन माता बहनों को कडू भात खिलाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए एक एक किलो का पैकेट हम पूरे वैशाली नगर विधानसभा में पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को व्रत पूर्व माता बहनों को करू भात खाना है, तो उससे पहले करेला हम घर घर तक पहुंचवा रहे हैं। विधायक रिकेश सेन ने वार्डवार घर-घर व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए एक-एक किलो करेला का पैकेट रवाना किया है।

# शहर की समस्याओं पर सभापति ने डिप्टी सीएम साव को सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग।** सर्किट हाउस में डिप्टी सीएम अरुण साव से सभापति श्याम शर्मा ने पार्षदों के साथ मुलाकात कर मांग पत्र सौंपकर विकास कार्य राशि के लिए निवेदन किया। उन्होंने विकास कार्यों के लिए राशि आबंटन को लेकर डिप्टी सीएम से चर्चा की। इस दौरान काशीराम कोसरे, मनीष साहू, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, संजय अग्रवाल, गुलशन साहू, रेशमा सोनकर, गुलाब वर्मा, मनोज सोनी, सरस निर्मलकर, जितेंद्र ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष कमलेश फोखर सहित आदि मौजूद रहें।

सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि शहर के समग्र विकास कार्यों को गति देने एवं नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन से विभिन्न मदों से राशि आबंटन की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्युत सामग्री उपलब्ध न होने से वार्डों एवं प्रमुख मार्गों की



प्रकाश व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अनेक स्थानों पर अंधेरे की स्थिति बन रही है, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। राशि स्वीकृत होते ही प्राथमिकता के आधार पर विद्युत सामग्री खरीदी जाएगी और सभी वार्डों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कर दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि पर्याप्त एवं व्यवस्थित प्रकाश व्यवस्था से नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। इसी प्रकार तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण का विषय भी निगम की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। तालाब केवल जल संरक्षण के साधन ही नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक धरोहर भी हैं।

# ईडी ट्रॉफी कार्यकौशल स्पर्धा सितम्बर से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन–ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा गैर-कार्यपालक कर्मियों के लिए कार्यपालक निदेशक ट्रॉफी कार्यकौशल प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा की गई। प्रतियोगिता 4 से 13 सितम्बर तक मानव संसाधन विकास केन्द्र वर्कशॉप में संपन्न होगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मियों की तकनीकी दक्षता, प्रतिभा एवं नवाचार को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना है, ताकि वे क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें।

- मानव संसाधन विकास केंद्र में होगी वर्कशॉप

यह प्रतियोगिता कारपेंटरी, कंप्यूटर (प्रोग्रामिंग), कंप्यूटर (ऑफिस ऑटोमेशन), इलेक्ट्रिशियन, फिटिंग, हाइड्रोलिक्स, मशीनिंग, मटेरियल हैंडलिंग, पी.एल.सी., टर्निंग तथा वेल्डिंग जैसे कुल ग्यारह तकनीकी ट्रेडों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के संयोजक महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन–एलएंडडी) संजीव कुमार श्रीवास्तव को नामित किया गया है। इनके साथ महाप्रबंधक (मानव संसाधन–एलएंडडी) मुकुल सहारिया तथा सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन–एलएंडडी) सैफुद्दीन फजली, सेक्शन एसोसिएट प्रवीण कुमार एवं सरजेश कुमार समन्वयक होंगे। प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया बीएसपी इंट्रानेट होमपेज (ई–सहयोग) पर आरम्भ हो चुकी है, जो 31 अगस्त तक जारी रहेगी। विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे अपने कर्मियों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें इसमें भाग लेने के लिए सहयोग करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। निष्पक्षता एवं प्रेरणा को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता के लिए विस्तृत प्रावधान किए गए हैं। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रु.5,000, रु.4,000 एवं रु.3,000 के नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। किसी विशेष ट्रेड में प्रतिभागियों की संख्या 30 से अधिक होने पर चौथे एवं पाँचवें स्थान पर आने वालों को भी ट्रॉफी और रु.2,000 की राशि दी जाएगी। साथ ही उपयुक्त संख्या के अनुसार अतिरिक्त प्रतिभागियों को रु.1,000 के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। प्रतियोगिता की प्रतिस्पर्धी भावना बनाए रखने हेतु मानव संसाधन, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कर्मचारी तथा विगत वर्ष के प्रतियोगिता के 2024-25 संस्करण में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले इस वर्ष प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

# सीएससी संचालक अब नहीं कर सकेंगे अधिक वसूली

रिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग ने प्रदेश के सभी कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि श्रमिकों से पंजीयन एवं यो ज ना आवेदन के लिए केवल निर्धारित शुल्क ही वसूला जाए। यह निर्देश हाल ही में प्राप्त शिकायतों के आधार पर जारी किए गए हैं, जिनमें पाया गया है कि कुछ सीएससी संचालकों द्वारा 1000 से 1500 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है, जबकि विभाग द्वारा अधिकतम 20 से 30 रुपए शुल्क ही निर्धारित किया गया है। श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी सीएससी संचालकों को पंजीयन एवं योजनाओं से संबंधित शुल्क की दरें सूचना बोर्ड पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी होंगी। यदि कोई संचालक तय शुल्क से अधिक राशि वसूलते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।श्रमिकों और हितग्राहियों को श्रमेव जयते मोबाइल ऐप के माध्यम से जागरूक किया जाएगा और सभी श्रम कार्यालयों एवं श्रम संस्थानों से ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

- श्रम विभाग ने जारी किए निर्देश

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार इस दिशा में निगरानी और निरीक्षण की प्रक्रिया को और सख्त किया जा रहा है। जिलास्तर पर कलेक्टर के संज्ञान में लाकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा सीएससी संचालकों और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी ताकि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। पोर्टल पर दर्ज पंजीयन एवं योजना आवेदन की स्वीकृति या निरस्तीकरण की भी रैंडम आधार पर जांच की जाएगी। साथ ही शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष तंत्र तैयार किया जा रहा है।

# मेडिकल व बिजली कार्यों के लिए कर्मियों को नहीं होगी असुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस यूनियन ने कर्मचारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक नया ऐप जारी किया है। ऐप को इंस्टॉल करने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र के चार अलग-अलग सीन दिखेंगे। एक पेज खुलेगा, जिस पर ई सहयोग, टेलीफोन डायरेक्टरी, अटेंडेंस रिकॉर्ड, दूसरे प्लांट से स्थानांतरित होकर आए कर्मचारियों का फॉर्म 16, पेमेंट स्लीप, सेल पेंशन, सेवा निवृत हो चुके कर्मचारियों के लिए अग्रज संवाद, के अलग-अलग बॉक्स दिखेंगे। कर्मचारी जिस बॉक्स पर क्लिक करेंगे संबंधित पेज खुल जाएगा।

- एचएमएस ने जारी किया ऐप



एचएमएस के महासचिव पीके मिश्रा ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व भी यूनियन द्वारा ऐप बनाया गया था लेकिन बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपग्रेड करते हुए संबंधित पोर्टल का आईपी ऐड्रेस बदल दिया था। वर्तमान में कर्मचारियों को अलग-अलग पोर्टल के लिए अलग-अलग आईपी एड्रेस अपने मोबाइल में सुरक्षित रखना पड़ता है । इससे कर्मचारियों को मोबाइल मैं कार्य करने में असुविधा हो रही है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा एम सहयोग ऐप जारी किया गया है लेकिन इस ऐप के द्वारा मेडिकल टोकन बुकिंग, ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मीटर रीडिंग एंट्री, अटेंडेंस रिकॉर्ड, छुट्टी का आवेदन, को ना ही देखा जा सकता है।

### बीएसपी इंट्रानेट कंप्यूटर पर भी दिखेगी इंट्री

यूनियन द्वारा जारी इस नए ऐप के माध्यम से कर्मचारी मोबाइल पर कभी भी 24 गुना 7 इसे देख सकते हैं तथा कार्य कर सकते हैं। जो एंट्री मोबाइल पर करेंगे वही एंट्री बीएसपी इंट्रानेट कंप्यूटर पर भी दिखेगी। ऐप से संबंधित यदि किसी कर्मचारी को कोई समस्या हो तो यूनियन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। कर्मचारी सुविधा के लिए यूनियन के पूर्व उपाध्यक्ष दीपक मुदलियार से संपर्क कर अपनी समस्या का निवारण कर सकते हैं।

**लंबित वेतन समझौतों को जल्द पूरा करने की अपील, अन्य मुद्दों पर भी चर्चा**

# टाउनशिप की जमीन हस्तांतरण के मुद्दे को लेकर सांसद मिले इस्पात मंत्री से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सांसद विजय बघेल ने पिछले दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मुलाकात की। भिलाई टाउनशिप के विकास को लेकर चर्चा की। मुख्य रूप से टाउनशिप की जमीन की लीज नवीनीकरण का मुद्दा प्रभावीढंग से रखा।

- लीज नवीनीकरण का मुद्दा रखा



लीज नवीनीकरण से भिलाई टाउनशिप में स्थित सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक संस्थाओं, व्यापारिक संस्थान एवं आवासीय भवनों के लीज नवीनीकरण का रास्ता सुलभ हो सकेगा। वर्तमान में लीज अवधि का प्रथम चरण 30 अथवा 33 वर्ष पूर्ण होने पर वर्तमान बाजार दर पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रीमियम की मांग की जा रही है, जो लीजधारकों के मुताबिक न्याय संगत नहीं है। इससे छोटे व्यापारी एवं आवासीय भवनो को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नगर निगम रिसाली के जमीन हस्तांतरण का मुद्दा माननीय सांसद ने प्रमुखता से रखा।

अवगत कराया गया कि सघन बसाहट श्रमिक बस्ती, नेवई बस्ती, मरोदा इत्यादि वार्ड शीघ्र राज्य सरकार को हस्तांतरित की जाए। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना, पट्टा योजना व अन्य मूलभूत विकास योजना का लाभ इस क्षेत्र के रहवासियों को मिल सके। सांसद ने अतिरिक्त सेल के गैर कार्यपालिक कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौतों को शीघ्र पूरा किये जाने का अनुरोध किया। जानकारी दी कि विगत 39 माह का बकाया फिटमेंन्ट एरियर्स एवं परफार्मेन्स एरियर्स की राशि का शीघ्र भुगतान हो सकेगा।

साथ ही गृह भाड़ा भत्ता एवं अन्य नियम लागू करने का अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व कर्मचारियों को जिन्होंने इस्पात के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें सेवानिवृत्ति उपरांत छत की सुविधा भी उपलब्धता हो सके। इसके लिए पूर्व कर्मचारियों को 650 वर्गफीट तक के आवास लाइसेंस पर उपलब्ध करने की मांग की गई। सेक्टर-9 हॉस्पिटल में चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने की सम्पूर्ण सुविधाएं होने की भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, भिलाई स्टील सिटी चेम्बर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, विधि सलाहकार स्टील सिटी चेम्बर पीयूष जैन, हिमांशु चौबे, प्रणव शर्मा व रोशन ताम्रकार सहित अन्य उपस्थित थे।

### जल्द मिल सकेगी अनापत्ति

सांसद ने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी होने से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आंगनबाड़ी भवन, शासकीय महाविद्यालय, शासकीय पुस्तकालय, नालंदा परिसर, इंडोर स्टेडियम, खुर्सीपार स्टेडियम निर्माण, नगर पालिका परिषद अहिवारा में विभिन्न जनउपयोगी निर्माण कार्य आईटी पार्क जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों द्वारा भवन निर्माण की अनापत्ति शीघ्र मिल सकेगी। इसके साथ ही भिलाई हुडको में निवासरत निवासियों की वर्षो पुरानी समस्या सीवरेज निकासी की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

# उद्योगपति फैक्ट्री और घर के बाहर तरफ भी सीसीटीवी कैमरा लगाएं

**भिलाई।** एमएसएमई जिला उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात की। एसपी अग्रवाल की पहल पर कंट्रोल रूम, सेक्टर- 6 स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक हुई। संघ के अध्यक्ष केके झा सहित अन्य पदाधिकारियों ने औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में अपराधों को रोकने के अपने कुछ सुझाव दिए। एसएसपी ने सभी सुझाव और मांगों को गंभीरता से सुना और उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही इन मांगों का निराकरण कर दिया जाएगा।

बैठक में एसएसपी ने जानकारी ली कि किन उद्योगपतियों ने अपनी फैक्ट्री और निवास में सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है। उन्होंने सभी से फैक्ट्री और घर के बाहर एंट्री पर कैमरे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज आपराधिक घटनाओं को पर्दाफाश करने में सीसीटीवी कैमरे का बहुत बड़ा रोल है। संघ के अध्यक्ष झा का कहना था की फैक्ट्री और घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव काफी अच्छा है। इससे न केवल हम सभी उद्योगपति बल्कि पुलिस प्रशासन को भी अपराध रोकने में बड़ी मदद मिलेगी।उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने छावनी चौक पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की मांग की। उनका कहना था कि यह चौक काफी बड़ा है।

यहां ट्रैफिक बहुत ज्यादा है तथा छोटे बड़े वाहनों के साथ-साथ भारी वाहनों का काफी दबाव है। यहां आए दिन दुर्घटना होते रहती है। साथ ही उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में सायरन के साथ पुलिस पुलिस पेट्रोलिंग की भी मांग की।

## खबर संक्षेप

### कैरियर गाइडेंस पर कार्यशाला आयोजित

**गंडई पंडरिया।** स्व. देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में छात्रों के भविष्य को दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 25 अगस्त को प्रिज़्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स दुर्ग ने कार्यशाला में स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को प्रबंधन के क्षेत्र में उपलब्ध नवीनतम अवसरों और करियर विकल्पों के बारे में जागरूक किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता जागेश्वर साहू ने छात्रों को मार्केटिंग, फाइनेंस, और ह्यूमन रिसोर्स के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के स्वागत भाषण से हुई। संचालन गावस्कर कौशिक ने किया। बड़ी संख्या में छात्रों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। समापन आईक्यूएसी संयोजक भागवत राम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### स्काउट गाइड कार्यशाला आयोजित

**डोंगरगढ़।** विकासखंड स्तरीय स्काउटर गाइडर कार्यशाला का आयोजन विकासखंड कार्यालय में किया गया। सर्वप्रथम परंपरा अनुसार बीईओ विरेंद्र कौर, जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, ब्लाक अध्यक्ष दविंदर सिंह भाटिया, जिला उपाध्यक्ष राकेश भावते, विकासखंड स्त्रोत समन्वय विनायक अली को स्कार्फ बांधकर स्वागत किया गया। शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा स्काउट गाइड में देशहित, समाज सेवा और राष्ट्र प्रेम सर्वोपरि होता है। जिला अध्यक्ष उमेश हथेल ने कहा कि उत्कृष्ट कृतित्व से देश, धरती, समाज एवं संस्कृति समृद्ध होती है। कार्यशाला में वार्षिक कार्यशाला, पाठ्यक्रम की हिस्सों को जिला सचिव देवेंद्र अंबादे, रामलाल चंद्रवंशी, सुनीता चंद्राकर, धनेश्वरी साहू, ठाकुरराम चंद्रवंशी ने बताया।

## पेज 11 का शेष

### राजस्व प्रकरणों के ...

योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने तथा किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित कराने हेतु किए जा रहे डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निर्धारित समयावधि तक त्रुटिरहित ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने भूमि अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा के अलावा असर्वेक्षित, वन ग्राम, मसहती ग्रामों के नक्शा तैयार करने की स्थिति तथा राजस्व अभिलेख अद्यतीकरण के कार्य, खरीफ गिरदावरी की जानकारी, नक्शा बटांकन एवं डिजिटल सिग्नेचर आदि के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कीं इसके अलावा उन्होंने राजस्व मण्डल, सर्किट कोर्ट, आयुक्त दुर्ग संभाग के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों हेतु अधीनस्थ न्यायालय का मूल अभिलेख भेजने एवं नोटिस तामिली के प्रकरणों की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने अविवादित एवं विवादित नामांतरण प्रकरणों की ऑनलाईन निराकरण, लंबित सीमांकन प्रकरणों की ऑनलाईन जानकारी, व्यपवर्तन प्रकरणों की ऑनलाईन जानकारी एवं अपीली प्रकरणों की ऑनलाईन जानकारी की भी समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने भू-अर्जन प्रकरण तथा मुआवजा वितरण एवं सेवा शुल्क की जानकारी तथा ई-कोर्ट में दर्ज एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण के अलावा ई-नामांतरण पंजी की संख्यात्मक जानकारी की समीक्षा की।

## निधन

### सतीश महिलवार



**जामगांव आर।** ग्राम धमना निवासी समाजसेवी सतीश महिलवार का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे पाटन जनपद पंचायत पूर्व जनपद अध्यक्ष कौशल्या महिलवार के पति, ग्राम पंचायत धमना सरपंच लोकेश महिलवार के भाई, सत्यप्रकाश मनजीत अमित के पिता थे। धमना में 28 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया है।







## गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर सजावटी सामाग्री की दुकानें सजीं

**बालोद।** जिला मुख्यालय के बाजारो में भगवान गणेश के आगमन की तैयारियो को लेकर विभिन्न साज सज्जा की सामान बाजार मे देखने को मिल रही है। जिसके कारण बच्चे पालको को साथ पहुंचकर भगवान गणेश के पंडालो को सजाने के सामान खरीदते दिख रहे है। जिसके तहत जिला मुख्यालय मे भगवान गणेश के 2 से 3 फीट वाले इन पंडालो व उनमे की गई सज्जा व लाईटिंग के कारण बच्चो को बेहद पसंद आ रहे है। जहां ये पंडाल हाथो हाथ बिक रहे है। जहां बाजार मे ये रंग बिरंगे पंडालो की कीमत एक हजार से प्रारंभ हो रही है। जो विभिन्न आकार व सजावट के हिसाब से विभिन्न कीमतो मे बाजार मे उपलब्ध है।

### परेशानी : बार-बार पानी छोड़ने से नहीं भर पा रहा तांदुला

# रिसोर्ट को बचाने तांदुला जलाशय नहीं छलका, मनोरम दृश्य से पर्यटक वंचित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की जीवनदायनी तंदुला जलाशय को छलकने अभी ढाई फीट ऊंचाई बाकी है। जहां तांदुला को छलकते हुए देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी लेकिन पर्यटक मायूस होकर वापस लौट रहे हैं, क्योंकि भारी बारिश के बीच भी तांदुला पानी छोड़ने के कारण छलक नहीं पा रही है।

जिले की जीवनदायिनी तांदुला जलाशय वर्तमान में भारी बारिश के बीच जलस्तर बढ़ते जा रहा है जहां बढ़ते जल स्तर के बीच तांदुला के छलकने और उसे देखने के लिए जिलेबासी बेताब है। लेकिन जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच नदी नालों के साथ खेत खलिहान लबालब है। जहां हर एक और पानी पानी है। लेकिन जिले में हो रही भारी बारिश के बीच जिले के प्रमुख तांदुला छलक नहीं पा रही है जहां पर्यटन इसका प्रमुख कारण जलाशय से बार बार पानी छोड़ना मान रहे है।

पर्यटकों का मानना है कि विभाग द्वारा तांदुला जलाशय के तट पर बने तांदुला रिसोर्ट को बचाने के लिए विभाग बार बार जलाशय से पानी छोड़ रहा है। पर्यटकों का मानना है कि जिले की तांदुला जलाशय से लगातार पानी छोड़ जाने के कारण जो तांदुला 10 दिन पहले छलक जाए रहती वह अभी तक नही छलक पाई है।

पर्यटकों ने कहा तांदुला जलाशय से माह में दो से तीन बार बेवजह जलाशय से विभाग द्वारा पानी छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण तांदुला मे अभी तक पानी भर नहीं पता जिससे जिले का प्रमुख तांदुला जलाशय नही भर पाता। पर्यटको ने कहा पार्क के बनने के समय इसका विरोध किया गया था क्योकि इसके कारण मछुआओ को आने जाने तथा कई तरह की दिक्कतो का सामना करना पड़ता है जिसके बाद भी विभाग द्वारा विरोध के बावजूद इसके निर्माण की मंजूरी नही दी गई। जहां इसके निर्माण के बाद अब विभाग व शासन प्रशासन अब इसे डूबने से बचाने के लिए लगातार जलाशस से पानी छोड़ने मे लगा हुआ है ताकि उक्त रिसोर्ट डूब न जाए चाहे जिलेवासी तांदुला को छलकते हुए मनोहर नजारा क्यो न देख पाए लेकिन विभाग उक्त रिसोर्ट को डूबने से बचाने मे कोई कोर कसर नही छोड़ना चाहती।

पर्यटको ने कहा बार बार पानी छोड़ने के कारण वर्तमान गर्मी में जलाशय पूरी तरह सूख गए थे और पहली बार जिले के जलाशयो में ही पानी संकट की स्थिति निर्मित हो गई थी लेकिन इस ओर न ही शासन प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही जिले के जागरूक लोग इस ओर ध्यान दे रहे है नतीजा यह है कि जिले के प्रमुख जलाशयो से बेमतलब पानी छोड़ा जा रहा है और उक्त रिसोर्ट को बचाने का खेल बेलगाम जारी है जो चिंता का विषय है।

पर्यटको ने कहा पर्यटन का प्रमुख केन्द्र रिसोर्ट न होकर तांदुला जलाशय है और विभाग के साथ शासन प्रशासन तांदुला को बचाने के जगह रिसोर्ट को डूबने से बचाने मे लगी हुई है।

## नेत्रदान पखवाड़ा जारी, 8 से सितम्बर तक होंगे आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के तत्वाधान में नेत्रदान पखवाडा का आयोजन 25 अगस्त से प्रारंभ हो गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेत्रदान पखवाडा का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड में किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं डॉ. जे.एल. उइके के निर्देशानुसार तथा जिला नोडल अधिकारी, जिला कार्यकम प्रबंधक अखिलेश शर्मा एवं सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में नेत्रदान पखवाडा का आयोजन 25 अगस्त से 08 सितम्बर तक सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर मनाया जायेंगा। इस दौरान नेत्रदान के संबंध में जनजागरुकता बच्चों द्वारा रैली, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा ग्राम में नेत्र शिविर लगाकर नेत्र परीक्षण का कार्य किया जायेगा। कार्निया से बाधित मरीजों का पंजीयन कर सूचीबद्ध किया जायेगा। जिनका पंजीयन केरेटो प्लास्टी के लिए चिकित्सा महाविद्यालय में कराया जावेगा। जिला बालोद में इस वर्ष दो नेत्र एकत्र कर एम्स रायपुर भेजा गया है। इस योजना के अंतर्गत गुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नेत्रदान पखवाडा का आयोजन खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीआर. रावटे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभम् चंद्राकर, जिला सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, नेत्र सहायक अधिकारी डिगेश देवदास, केआर. उर्वशा बीईटीओ. जेडी. गंधर्व पर्यवेक्षक. पर्यवेक्षक कमलेश साहू, चंन्द्रहास साहू एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।



## आईटीआई में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत



**डौंडीलोहारा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुरेगांव में नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थी व्यवसाय फिटर, विद्युतकार, कोपा एवं डीजल मैकेनिक के प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत तथा संस्था के प्रशिक्षण अधिकारियों के द्वारा अप्रेंटिस एक्ट,सीबीटी की जानकारी लेटर एंट्री जानकारी ऐसे अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षणार्थी के सम्मुख रखा गया एवं प्रशिक्षण की जानकारी बताई गई। कार्यक्रम में देवरीबंगला के तहसीलदार प्रीतम साहू एवं एबीस ग्रुप के मैनेजर तथा विद्युत विभाग सूरेगांव से ओम प्रकाश ध्रुव कनिष्ठ अभियंता तथा पूर्व प्रशिक्षणार्थी जो आईटीआई सूरेगांव में प्रशिक्षण प्राप्त कर वर्तमान जिला कलेक्ट्रेट बालोद में पदस्थ हैं, उपस्थित हुए एवं एल्यूमिनी के अध्यक्ष व कई पूर्व प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यक्रम की शोभा एवं नए प्रशिक्षणार्थियों को उनके अनुभव की गाथा सुनायी गई, जिससे प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़े और तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने में अधिक से अधिक रुचि प्रदान करने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया था जिससे सभी महानुभाव के द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्र के बारे में बताया गया जिससे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद भी प्रशिक्षणार्थियों को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा। संस्था प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने भी नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना एवं प्रशिक्षण पूर्ण मन से रुचि लेते हुए कार्य करने की बात कही गई।

## डॉ. साहसी का कलिंगा विवि ने किया सम्मान

**डौंडीलोहारा।** कलिंगा यूनिवर्सिटी ने 22 अगस्त को 2024 में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों का सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्यवीर आर्य थे। अध्यक्षता संदीप गांधी कुल सचिव ने की। विशेष अतिथि अनिल कुमार प्रधान, राजशेखर, प्रदीप आदि उपस्थित थे। इसी परिपेक्ष्य में वनांचल क्षेत्र में स्थित हायर सेकंडरी किल्लेकोडा में पदस्थ डॉ. बीएल. साहसी(व्याख्याता) को भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि डॉ. साहसी को राजभवन में राज्यपाल रेमेन डेका ने पिछले वर्ष राज्यपाल पुरस्कार से 5 सितंबर को सम्मानित किया गया था। वनांचल क्षेत्र विकासखंड के अंतिम छोर में स्थित ग्राम किल्लेकोडा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ डॉ. साहसी जो कि अपने प्रयासों से किल्लेकोडा विद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संपन्न कराते रहे हैं। साथ में समाचार पत्रों के माध्यम से इसकी जानकारी पूरे विकासखंड को होता रहा है, उनके मार्गदर्शन में ही बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान, जल संरक्षण, नशा मुक्ति व स्वच्छता अभियान को गति मिली का सुचारु से निर्देशन किया। उन्होंने चार पुस्तकों की रचना की, जिनमें जल संरक्षण, बस्तर की क्रांतिकारी व वीरांगनाओं का इतिहास, राजनांदगांव रियासत के सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक इतिहास तथा अंजलि पत्रिका रहा है। संस्स्थान छात्रों में झिझक दूर करने वाद-विवाद प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन, विद्यालय व विकासखंड स्तर पर कराते रहे हैं।

## महिला स्वसहायता समूहों को सशक्त बनाने का माध्यम है लघु वनोपज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में लघु वनोपज संग्राहकों की आजीविका को सशक्त बनाने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आदिमजाति कल्याण विकास विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लघु वनोपज संग्राहकों की आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल स्क्रूटिनी एंड लोकल इंस्टीट्यूशन द्वारा ग्राम स्तर पर महिला स्वसहायता समूहों को सशक्त बनाने तथा उन्हें लघु वनोपज की आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में बनाने

- लघु वनोपज संग्राहकों की आजीविका को सशक्त बनाने पर हुई कार्यशाला

चर्चा की गई। इसके लिए स्वयं स्वसहायता समूहों की ट्रेनिंग की बात कही गई। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए समिति गठित की जाएगी। जिसके पश्चात आगामी माह में समूहों की बैठक हेतु कार्ययोजना बनाई जाएगी।

कार्यशाला में आजीविकामूलक और सामुदायिक वन संसाधन के संबंध में पावर प्वाईंट के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय सिंह कंवर सहित राजस्व, वन, आदिम जाति कल्याण, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### स्पर्धा में महिलाओं की भागीदारी रही उल्लेखनीय

# पोला पर्व पर विभिन्न खेलों का किया आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम ओरमा में पोला महोत्सव मनाया गया। यह आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं सरपंच मंजू लता परस साहू एवं समस्त पंचगनों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ। उक्त अवसर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष ग्राम विकास समिति नेम लाल साहू थे।

अध्यक्षता जनपद सदस्य मोहनीस पारकर ने किया एवं विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति खिलेश्वर सोनकर, मुकेश यादव, सदस्य ग्राम विकास समिति बलराम साहू, भाजपा नेता दिलीप साहू, बूथ अध्यक्ष लीलाधर साहू, उपसरपंच बलराम यादव, पंच सुदामा साहू, संतोष साहू, डोमार कुंभकार, अग्नि निषाद, कमलेश्वरी साहू, कार्यक्रम में सहयोगी पूनम साहू, दीनू सोनकर उपस्थित थे। यह आयोजन पहली बार नवीन खेल मैदान में संपन्न हुआ, जहां पर महिला एवं पुरुष का रोमांचक कबड्डी का आयोजन भी हुआ, जलेबी दौड़, 200 मीटर दौड़, कुसएँ दौड़, मटका फोड़ का आयोजन रखा गया साथ में प्रथम आने वाले विजेताओं को ग्राम समिति एवं सरपंच के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। लोगों ने बताया पहली बार ऐसा गांव में आयोजन संपन्न हुआ, सरपंच ने बताया कि खेलकूद से मानसिक एवं शारीरिक बुद्धि का विकास होता है सभी लोगों को यह खेल खेलना चाहिए, आगे सरपंच ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी की हार होने पर निराश होना चाहिए क्योंकि हार से ही जीत सुनिश्चित होता है।

### पर मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में तीज पर्व पर मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की बहनों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता लिया, प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बहन खुशी पटेल कक्षा द्वादश रही। इसी क्रम में बहन गीतांजलि साहू कक्षा द्वादश तथा बहन हियोगिता कक्षा दशम द्वितीय स्थान पर रही। प्राचार्य द्वारा समस्त सहभागी बहनों तथा दीदियों को तीज पर्व की बधाई दी गई।





